राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 05 अप्रेल। देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाये जा रहे मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् दिनांक 07 अप्रेल, 2022 को प्रातः 10 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित सिविल लाईन्स फाटक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना दिया जाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि धरने में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य सरकार के मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, जिलाध्यक्षगण/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, आयोग/निगम/बोर्ड के चेयरमेन, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभाग व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दामों में हो रही बेतहाशा वृद्धि के विरूद्ध कांग्रेस द्वारा तीन चरणों में मंहगाई मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत् दिनांक 31 मार्च को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में रसोई गैस सिलेण्डर एवं मोटरसाईकिल व स्कूटर्स को फूल माला पहनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। दिनांक 2 से 4 अप्रेल के मध्य प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मंहगाई मुक्त भारत धरना आयोजित हुआ। अभियान के तीसरे चरण के तहत् दिनांक 7 अप्रेल को सिविल लाईन्स फाटक, जयपुर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय धरना एवं प्रदर्शन आयोजित कर बढ़ती मंहगाई के विरोध में प्रदर्शन किया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter